# स्वास्थ्य चुनौतियाँ और स्वस्थ जीवनशैली पर सेमिनार

## चर्चा में क्यों?

**केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने** हरियाणा के **फरीदाबाद स्थित ESIC मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल** के सहयोग से **आरोग्य भारती** द्वारा आयोजित **"स्वास्थ्य चुनौतियाँ एवं स्वस्थ जीवन शैली" विषय पर** एक सेमिनार में भाग लिया।

## मुख्य बिंदु

- **निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर ज़ोर:**
  - केंद्रीय मंत्री ने स्वस्थ और फिट भारत के निर्माण में **निवारक और प्रोत्साहनकारी स्वास्थ्य देखभाल के महत्त्व को रेखांकित किया।**
  - उन्होंने **चरक, सुश्रुत और भगवान धन्वंतरि** जैसे प्राचीन चिकित्सा अग्रदूतों का हवाला देते हुए **भारत की समृद्ध स्वास्थ्य देखभाल विरासत पर प्रकाश डाला।**
- **पारंपरिक प्रथाओं की भूमिका:**
  - उन्होंने निवारक स्वास्थ्य देखभाल के आवश्यक घटकों के रूप में **ध्यान, योग और उपवास** के महत्त्व पर बल दिया।
  - **उन्होंने समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने** के लिये देश भर में स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के लिये **आरोग्य भारती** की सराहना की।
- **उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का उद्घाटन:**
  - अपनी यात्रा के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने निदान और उपचार क्षमताओं को बढ़ाने के लिये तीन अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का उद्घाटन किया:
    - **डिजिटल मैमोग्राफी सेवाएँ**
      - स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने और मूल्यांकन के लिये डिज़ाइन की गई एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन, डिजिटल डिटेक्टर-आधारित मैमोग्राफी मशीन।
    - **1000 mA डिजिटल रेडियोग्राफी फ्लोरोस्कोपी (DRF) प्रणाली**
      - एक आधुनिक नैदानिक प्रणाली जो बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों के लिये एक्स-रे **रेडियोग्राफी** और फ्लोरोस्कोपिक-निर्देशित हस्तक्षेप में सुधार करती है।
    - **अगली पीढ़ी अनुक्रमण (NGS) अनुप्रयोग**
      - यह एक उन्नत प्रौद्योगिकी है, जो **ओन्कोलॉजी** अनुसंधान, RNA अनुक्रमण और रोगज़नक पहचान का समर्थन करती है तथा सटीक चिकित्सा का मार्ग प्रशस्त करती है।
- **भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण:**
- भारत के प्राचीन चिकित्सा ज्ञान के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में, मंत्री ने ESIC मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में **आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण किया।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/seminar-on-health-challenges-and-healthy-lifestyle